प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 21.10.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली पर देशवासियों को लिखे पत्र में कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

2– पुलिस स्मृति दिवस पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

3– दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही हैं कई स्पेशल ट्रेन–भीड़ प्रबंधन के लिए भी किए जा रहे हैं विशेष इंतजाम।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**प्रधानमंत्री–दीपावली पत्र**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ऐसे समय में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है, जब दुनिया कई संकटों से गुजर रही है। श्री मोदी ने दीपावली पर देशवासियों को लिखे पत्र में कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दीपावली इसलिए विशेष है, क्योंकि पहली बार देश के उन दूर–दराज इलाकों सहित कई जिलों में भी उत्सव का माहौल है, जहां कभी नक्सलवाद और माओवादी आतंक हुआ करता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न केवल धर्म का पालन किया, बल्कि अन्याय का बदला भी लिया।

**पुलिस स्मृति दिवस**

आज पुलिस स्मृति दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ उनसठ में आज ही के दिन लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में दस बहादुर पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई गणमान्य लोगों ने पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद किया।

पुलिस स्मृति दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक पर कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि देश वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में देश की बाहरी और आंतरिक सुरक्षा में संतुलन पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सशस्त्र बलों और पुलिस बलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के स्तंभ बताया। रक्षा मंत्री ने कहा कि जो क्षेत्र कभी लाल गलियारे के रूप में जाने जाते थे, वे अब विकास गलियारों में बदल गए हैं।

**जो क्षेत्र पहले नक्सलियों के आतंक से कांपते थे, आज वहां रोड्स, हॉस्पिटल, स्कूल और कॉलेजिस पहुंच चुके हैं। जो क्षेत्र कभी नक्सल हब हुआ करते थे, आज वो एजुकेशनल हब बन रहे हैं, आज वहां बच्चे मोबाइल चला रहे हैं, कम्प्यूटर चला रहे हैं। बड़े सपने देख रहे हैं। भारत के जो क्षेत्र रेड कॉरिडोर के नाम से कुख्यात थे, वो अब ग्रोथ कॉरिडोर के रूप में बदल रहे हैं। सरकार इतने परिवर्तन कर पाई है, उसमें बहुत बड़ा योगदान हमारे पुलिसबलों का और हमारे सुरक्षाबलों का है।**

रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अगले वर्ष मार्च महीने तक देशभर से वामपंथी उग्रवाद की समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कई शीर्ष नक्सलियों का सफाया किया गया है और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या में भारी कमी आई है।

## पुलिस स्मृति दिवस–छत्तीसगढ़–01

पुलिस स्मृति दिवस पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के माना स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की चौथी वाहिनी में आयोजित परेड कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्मारक में जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद पुलिस अधिकारियों और जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पुलिस का दायित्व चुनौतीपूर्ण होता है, जहां एक ओर कानून–व्यवस्था बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है, वहीं दूसरी ओर नागरिकों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना भी उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आम जनता को भी पुलिस के प्रति सहयोग और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने दृढ़ संकल्प, साहस और निष्ठा के साथ नक्सलवाद की चुनौती का मुकाबला किया है, जिसके परिणामस्वरूप आज इन क्षेत्रों में शांति और विश्वास का वातावरण सशक्त हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में राज्य पूरी तरह से नक्सल समस्या से मुक्त होगा।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बल के जवान कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच चौबीसों घंटे समाज की सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस न केवल उन जवानों के पराक्रम का स्मरण कराने का अवसर है, बल्कि उनके परिजनों के त्याग को भी नमन करने का अवसर है। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी संबोधित किया।

इससे पहले, राज्यपाल और मुख्यमंत्री रायपुर स्थित शहीद वाटिका भी पहुंचे। यहां उन्होंने अमर जवान स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद वीर जवानों को नमन किया।

## पुलिस स्मृति दिवस–छत्तीसगढ़–02

पुलिस स्मृति दिवस पर सूरजपुर जिले के ग्राम सिलफिली स्थित दसवीं बटालियन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं, धमतरी जिले के रूद्री स्थित रक्षित केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके अदम्य साहस और सर्वोच्च त्याग को नमन किया गया।

जांजगीर के पुलिस लाइन में भी पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद जवानों को याद किया।

उधर, नारायणपुर जिले के रक्षित केन्द्र स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और शहीद परिवारों ने जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर शहीद जवानों के नाम का वाचन किया गया।

## दीपावली–मुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल जशपुर जिला स्थित अपने गृहग्राम बगिया में परिवार के साथ पारंपरिक उत्साह और उल्लास के बीच दीपावली का पर्व मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता की सुख–समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व केवल घरों में दीप जलाने का नहीं, बल्कि अपने विचारों और जीवन में भी सकारात्मकता और प्रकाश फैलाने का संदेश देता है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दीपावली के अवसर पर कवर्धा स्थित अपने निवास में लगभग दो सौ स्वच्छता दीदी और स्वच्छता कमांडो को उपहार, मिठाई और फटाखे भेंट किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वच्छताकर्मी समाज के 'स्वच्छता के प्रकाश दीप' हैं।

दीपावली के मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कल  मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के खंडगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान श्री जायसवाल ने मरीजों और उनके परिजनों तथा अस्पताल स्टाफ को फल और मिठाई बांटे। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ मिलकर दीये जलाकर दीपावली का त्योहार मनाया।

वहीं, दुर्ग के शक्तिनगर स्थित शासकीय स्कूल में "विष्णु के दीया" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए और उन्होंने बच्चों के साथ दीप जलाकर और पटाखे फोड़कर दीपावली की खुशियां मनाईं।

## दीपावली/छठ पूजा–स्पेशल ट्रेन

दीपावली और छठ पूजा के दौरान रायपुर रेलमंडल द्वारा यात्रियों को कई सुविधाएं दी जा रही हैं। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि यात्रियों को स्पेशल ट्रेन, कंफर्म बर्थ, होल्डिंग एरिया और खान–पान जैसी कई सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## रायपुर रेलमंडल–ड्रोन प्रणाली

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के उरकुरा ट्रैक्शन सब स्टेशन में ड्रोन आधारित ओएचई मॉनिटरिंग और थर्मल इमेजिंग प्रणाली शुरू हो गई है।
इसका शुभारंभ प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर राजीव कुमार बरनवाल और मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने किया। इस आधुनिक तकनीक से ओएचई में संभावित ढीले कनेक्शन, अधिक तापमान वाले बिंदु और अन्य विद्युत संबंधी खराबी की जल्द पहचान की जा सकेगी। यह पहल भारतीय रेल में पहली बार की गई है, जिसमें ड्रोन तकनीक के माध्यम से ओवरहेड इक्विपमेंट की थर्मल इमेजिंग और निरीक्षण किया जा रहा है। ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग से रेल प्रणाली की सुरक्षा, विश्वसनीयता और रखरखाव दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## संक्षिप्त समाचार

## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र में पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद में दो युवकों ने एक बुजुर्ग की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

– वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के कोटमी सोनार चौकी क्षेत्र में भी पटाखा फोड़ने के लेकर हुए विवाद में अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

– बस्तर जिले के पंडरीपानी गांव के पास आज हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई।

– कोरबा जिले में मड़वारानी मंदिर माता दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा एक पिकअप वाहन पहाड़ पर चढ़ाई के दौरान पलट गया। इस हादसे में कई लोगों को चोटें आई हैं। जबकि, एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। वाहन में करीब तीस से पैंतीस श्रद्धालु सवार थे।

– दुर्ग रेलवे स्टेशन में आज सुबह एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने हत्या की आशंका व्यक्त की है।

– रायगढ़ जिले के तमनार वन परिक्षेत्र के अंतर्गत केराखोल गांव में करंट की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हो गई है। इस मामले में वन विभाग की टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>